PRESS RELEASE

एल आई सी द्वारा लॉक डाउन हीरोस सेन्ट्रल रेल्वे मुंबई के मोटरमैनों का सम्मान

वैश्विक महामारी के युग ने पूरी दुनिया को एक ठहराव में ला दिया।लेकिन सेंट्रल रेलवे, मुंबई के पहिए नहीं रुके।जब पूरी दुनिया कोरोना के कारण अपने घरों तक सीमित थी, लॉकडाउन हीरोज ने ट्रेन को चलाकर आवश्यक सामग्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाया ।

दिनांक 2 फरवरी, 2021 को भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक श्री विपिन आनंद ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के हेरिटेज बिल्डिंग में आयोजित एक समारोह में सेंट्रल रेलवे, मुंबई के मोटरमैन ,तकनीकी कर्मचारियों व सुरक्षा अधिकारियों को श्री विकास राव, क्षेत्रीय प्रबन्धक पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय और श्री राजीव नायर, कार्यकारी निदेशक, निगमित सम्प्रेषण तथा श्री शलभ गोयल, डी.आर.एम, मध्य रेलवे की उपस्थिति में सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।

एलआईसी, अपने अभिकर्ताओं , विकास अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ अपने आप में एक अद्वितीय काम कर रहा है। एल आई सी द्वारा पिछले 10 महीनों में, 15.5 करोड़ रुपये का दावा निपटान किया । साथ ही 1.40 करोड़ नए लोगों का बीमा किया गया, देश के विकास के लिए सरकारी प्रतिभूतियों में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया।

मुंबई दिनांक 4 फरवरी 2021

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे

कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण) ई मेल पता ed_cc@licindia.com

हमसे संपर्क करे https://www.licindia.in

.